प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 मंगलवार** **दिनांक 11.02.2025**

**मुख्य समाचारः–**

- नगरीय निकाय चुनाव के लिए आज शांतिपूर्ण संपन्न हुआ मतदान–अंतिम आंकड़े मिलने पर अड़सठ प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया।

- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने संसद में बताया कि छत्तीसगढ़ के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में स्वास्थ्य संकेतकों में अभूतपूर्व सुधार हुआ।

- गरियाबंद जिले के राजिम में कल से शुरू होगा कुंभ कल्प मेला।

- राजधानी रायपुर के खम्हारडीह इलाके में आज दोपहर पचास लाख रूपये की डकैती–पुलिस नाकेबंदी कर आरोपियों की तलाश में जुटी।

**समाचार विस्तार से**

**नगरीय निकाय चुनाव**

प्रदेश के दस नगर पालिक निगम, उनचास नगर पालिका परिषद और एक सौ चौदह नगर पंचायतों सहित एक सौ तिहत्तर नगरीय निकायों में आज शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ। अंतिम आंकड़े मिलने तक प्रदेशभर में 68 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज हुआ है। हालांकि, यह आंकड़े अनंतिम हैं।

**जेपी नड्डा–स्वास्थ्य सुधार कार्यक्रम**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने संसद में बताया कि छत्तीसगढ़ के आदिवासी बहुल क्षेत्र – बीजापुर, कोंटा, नारायणपुर, बस्तर और दंतेवाड़ा में स्वास्थ्य संकेतकों में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। इन क्षेत्रों में केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से मातृ–शिशु स्वास्थ्य सुधार कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के कारण यह संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा अपनाई गई बहुआयामी रणनीतियों ने इस सुधार को गति दी है और इन प्रयासों को स्थाई बनाने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार किया जाएगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस उपलब्धि को केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा कि सरकार ने न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाया है, बल्कि आदिवासी इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ और सुलभ बनाने के लिए भी ठोस कदम उठाए हैं।

**मुख्यमंत्री–प्रतिनिधिमंडल मुलाकात**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से कल रायपुर स्थित उनके निवास कार्यालय में पोलैंड की विदेशी मामलों की संसदीय समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि छत्तीसगढ़ तेजी से आर्थिक विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने निवेश का प्रस्ताव देते हुए कहा कि यहां उद्योगों को सभी प्रकार की सुविधाएं दी जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने पोलैंड सहित अन्य यूरोपीय देशों के निवेशकों को भी छत्तीसगढ़ में औद्योगिक निवेश के लिए आमंत्रित किया।

**महाकुंभ–माघी पूर्णिमा**

प्रयागराज महाकुंभ में कल माघी पूर्णिमा पर अमृत स्नान किया जाएगा। इस दिन स्नान का विशेष महत्व है, क्योंकि यह कल्पवास करने के विशेष अनुष्ठान का समापन है। इस अवधि के दौरान कल्पवासी संगम के घाटों के पास अस्थायी आवासों में रहते हैं। इस वर्ष महाकुंभ में दस लाख से अधिक लोगों ने कल्पवास किया है।

माघ पूर्णिमा स्नान के मद्देनजर महाकुम्भ स्थल पर यातायात को नियंत्रित करने विशेष व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला क्षेत्र और शहर में 'नो व्हीकल जोन' लागू किया गया है। वहीं, आज से मेला क्षेत्र में वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। साथ ही बाहरी वाहनों के लिए निर्धारित पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

महाकुंभ के दौरान प्रयागराज आने वाले यात्रियों को अधिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए रेलवे द्वारा तीन हजार स्पेशल ट्रेन सहित तेरह हजार से अधिक ट्रेनें चलाई जा रही हैं। इसी कड़ी में पांच महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों का परिचालन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गोंदिया, बालाघाट और नैनपुर स्टेशन से किया जा रहा है।

वहीं, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संतानवे फेरों के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं, जिनमें से अब तक उनसठ फेरे चल चुके हैं। इन स्पेशल ट्रेनों के जरिये कुम्भ मेला जाने वाले रेल यात्रियों को कन्फर्म सीट उपलब्ध कराने की कोशिश की जा रही है।

**राजिम कुंभ कल्प—मेला**

गरियाबंद जिले के राजिम में कल बारह फरवरी से कुंभ कल्प मेले का आयोजन किया जाएगा। राजिम कुंभ कल्प मेला के शुभारंभ अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। पैरी, महानदी और सोंढूर नदी के त्रिवेणी संगम पर आयोजित होने वाले कुंभ कल्प मेले को लेकर प्रशासन ने सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। कुंभ कल्प मेले के तहत कल माघी पुन्नी स्नान होगा। वहीं, इक्कीस फरवरी को संत समागम और छब्बीस फरवरी को शाही स्नान किया जाएगा। राजिम कुंभ कल्प मेला महाशिवरात्रि छब्बीस फरवरी तक चलेगा।

इस बार नये मेला मैदान में कुंभ कल्प का आयोजन किया जा रहा है। लगभग चौव्वन एकड़ क्षेत्र में फैले नये मेला स्थल में मुख्यमंच, विभागीय स्टॉल, फूड जोन और मीना बाजार लगेगा। वहीं, पुराने मेला स्थल पर संत समागम और महानदी आरती किया जाएगा।

**<u>रायपुर–डकैती</u>**

रायपुर स्थित अनुपम नगर के खम्हारडीह थाना इलाके में आज दोपहर पचास लाख रूपये की डकैती का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार करीब चार डकैत मिलिट्री ड्रेस में एक घर में घुसे और परिवार के सदस्यों को बंधक बनाकर पचास लाख रुपये लूटकर फरार हो गए है। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शहर में नाकेबंदी कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। इसके अलावा पुलिस सीसीटीवी फुटेज भी देखकर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

**<u>आईईडी विस्फोट–जवान घायल</u>**

दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर क्षेत्र में स्थित कमलपोस्ट के पास में आज माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ का एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर.के बर्मन ने बताया कि घायल जवान को बेहतर इलाज के लिए रायपुर लाया गया है।

**<u>मौसम</u>**

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश के अधिकतम तापमान में वृद्धि का सिलसिला लगातार जारी रहने की संभावना है। मौसम विज्ञानी  एच.पी. चन्द्रा ने बताया कि न्यूनतम तापमान में फिलहाल ज्यादा वृद्धि होने की संभावना नहीं है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>